# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांकः जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0(आर0 कैम्प)/199(1)/2021 दिनांकः 30 अक्टूबर, 2020

## कार्यालय–ज्ञाप(संशोधित)

यू0जी0सी0 एवं भारत सरकार के दिशा–निर्देश एवं तदक्रम में अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ के पत्र सं0– 242/रा0उ0शि0प0/53/19 दिनांक 16 जुलाई, 2020 के क्रम में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 30 जुलाई, 2020 के बिन्दु सं0– 2 पर लिये गये निर्णय के अनुसार सत्र 2019–20 के अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर को छोड़कर स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के अवशेष परीक्षाओं के परीक्षार्थियों को अगली कक्षा/सेमेस्टर में निम्नांकित नियमावली के अनुसार प्रोन्नत किया जाता है।

1. यह नियमावली संस्थागत/व्यक्तिगत/भूतपूर्व परीक्षार्थियों पर लागू होगी।
2. ऐसे प्रकरण जो इस नियमावली में आच्छादित नहीं है, उन पर परीक्षा समिति द्वारा यथा समय निर्णय लिया जा सकेगा।
3. विश्वविद्यालय की वर्ष 2020 की अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं को छोड़कर शेष कक्षाओं की अवशेष परीक्षाओं को स्थगित रखा जाय।
4. जिन विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं (वर्ष 2020) सम्पन्न हो गयी है, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराकर परीक्षार्थियों के प्राप्तांक परीक्षाफल में सम्मिलित कर लिया जाए।
5. (अ) (i) ऐसे छात्र जिनके सभी विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं (वर्ष 2020) सम्पन्न हो चुकी है, उनके परीक्षाफल नियमानुसार घोषित किया जाय।
   (ii) यदि कोई छात्र/छात्रा बैकपेपर के लिए अर्ह है तो उसे अगले वर्ष में प्रोन्नत कर दिया जाय।

   (iii) यदि कोई छात्र बैकपेपर के लिए भी अर्ह नहीं है तथा अनुतीर्ण है, उन छात्र/छात्राओं को वर्ष 2020 की परीक्षा में अनुतीर्ण घोषित किया जाय।

   (ब) ऐसे छात्र जो पूर्व में सम्पादित इस परीक्षा के अपूर्ण परिणाम के आधार पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार बैकपेपर के लिए भी अर्ह नहीं है तथा अनुत्तीण है, उनको वर्ष 2020 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित किया जाय।

6. ऐसे छात्र/छात्राएं जिन्हें इन नियमों के अनुसार औसत अंक प्रदान किये जायेंगे, यदि वह इन अंकों से संतुष्ट नहीं होगें तो वे वर्ष 2021 की बैकपेपर परीक्षा/ वर्ष 2022 की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा के उन समस्त/ किसी भी विषय में सम्मिलित होकर अपने अंकों में सुधार करने के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।
7. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत (स्नातक एवं परास्नातक) अंतिम सेमेस्टर वर्ष 2020 की परीक्षाओं को छोड़कर अवशेष सेमेस्टर की परीक्षाओं को परीक्षाफल छात्र/छात्राओं के विगत (पिछले) सेमेस्टर के समस्त प्रश्न पत्रों के प्राप्तांकों के औसत अंक के अनुसार घोषित किया जाय। परीक्षार्थियों के औसत अंक निर्धारण हेतु सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषय/प्रश्नपत्र के अंक अलग–अलग लिए जायँ।

### स्नातक प्रथम वर्ष (बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0काम0)

1. जिन विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं सम्पन्न हो गयी हैं, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करा कर छात्र/छात्राओं को उनके प्राप्तांक प्रदान कर दिया जाय।

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

2. स्नातक प्रथम वर्ष में जिन विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षा सम्पन्न नहीं हुई है, उन विषयों/प्रश्नपत्रों में छात्र/छात्राओं को प्रोन्नत कर दिया जाय। ऐसे विषयों/प्रश्नपत्रों में अभी कोई अंक प्रदान न किया जाए।
3. प्रथम वर्ष के प्रोन्नत होने वाले ऐसे सभी छात्र/छात्राओं द्वारा द्वितीय वर्ष (वर्ष 2021) की परीक्षा में उन्हीं सैद्धान्तिक विषयों के प्राप्तांकों के औसत अंक को ही उसके प्रथम वर्ष के अवशेष (जिसमें परीक्षा सम्पन्न नहीं हुई है) विषयों/प्रश्नपत्रों को प्राप्तांक मानकर प्रथम वर्ष की अंकतालिका तैयार की जाय।
4. यदि कोई छात्र वर्ष 2021 में द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो वह आगामी वर्ष की द्वितीय वर्ष की परीक्षा में नियमानुसार सम्मिलित होगा। परन्तु उसके द्वारा इसी परीक्षा में उन्हीं सैद्धान्तिक विषयों के प्राप्तांकों के औसत अंक को उसके प्रथम वर्ष के अवशेष विषय/प्रश्नपत्रों का प्राप्तांक माना जाय।
5. प्रायोगिक विषयों में द्वितीय वर्ष की सम्बंधित विषय की प्रायोगिक परीक्षा के प्राप्तांक/उत्तीर्णांक (जो भी अधिक हो) को ही प्रथम वर्ष के लिए भी संगत विषय/प्रश्नपत्र/ग्रुप के प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक माना जाय।

**स्नातक द्वितीय वर्ष (वर्ष 2020) बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0**

1. जिन विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं सम्पन्न हो गयी है, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराकर छात्र/छात्राओं को उनके प्राप्तांक प्रदान कर दिया जाय।
2. द्वितीय वर्ष के ऐसे छात्र/छात्राओं जिनके कुछ विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं हो सकी है, उनके अंकपत्र में परीक्षा न होने वाले विषयों/प्रश्नपत्रों के विगत (प्रथम) वर्ष की परीक्षा में प्राप्त उस विषय के प्रश्नपत्रों के औसत प्राप्तांकों को उसके द्वितीय वर्ष 2020 के शेष उन्हीं विषय/ प्रश्नपत्रों (जिसमें परीक्षा सम्पन्न नहीं हुई है) का प्राप्तांक माना जाय।
3. प्रायोगिक विषयों में प्रथम वर्ष की सम्बन्धित विषय की प्रायोगिक परीक्षा के प्राप्तांक/उत्तीर्णांक को ही द्वितीय वर्ष के लिए भी उसी विषय/ प्रश्नपत्र के प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक माना जाय।

**ए**

**सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत (स्नातक एवं परास्नातक)**

सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत (स्नातक एवं परास्नातक) अंतिम सेमेस्टर वर्ष 2020 की परीक्षाओं को छोड़कर अवशेष सेमेस्टर की परीक्षाओं का परीक्षाफल छात्र/छात्राओं के विगत (पिछले) सेमेस्टर के सभी प्रश्नपत्रों के प्राप्तांकों के औसत अंक के अनुसार घोषित किया जाय। परीक्षार्थियों के औसत अंक निर्धारण हेतु सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषय/प्रश्नपत्रों के अंक अलग–अलग लिए जाय।

**बी0एस–सी0 (कृषि) भाग एक (द्वितीय सेमेस्टर) परीक्षा वर्ष 2020**

बी0एस–सी0 (कृषि) द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का परीक्षाफल छात्र/छात्राओं के विगत (प्रथम) सेमेस्टर के सभी प्रश्नपत्रों के प्राप्तांकों के औसत अंक के अनुसार घोषित किया जाय। परीक्षार्थियों के औसत अंक निर्धारण हेतु सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषय/प्रश्नपत्र के अंक अलग–अलग लिए जाय।

**बी0एस–सी0 (कृषि) द्वितीय वर्ष परीक्षा वर्ष 2020**

1. जिन विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं सम्पन्न हो गयी हैं, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराकर छात्र/छात्राओं को उनके प्राप्तांक प्रदान कर दिये जाय।
2. द्वितीय वर्ष के ऐसे छात्र/छात्राएं जिनके कुछ प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं हो सकी है, उनके विगत (प्रथम) वर्ष की परीक्षा में सभी प्रश्नपत्रों के प्राप्तांकों के औसत अंक को उसके द्वितीय वर्ष 2020 के

पता:–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोड:–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

अवशेष प्रश्नपत्र (जिसमें परीक्षा सम्पन्न नहीं हुई है) का प्राप्तांक माना जाय। परीक्षार्थियों के औसत अंक निर्धारण हेतु सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रश्नपत्र के अंक अलग–अलग लिए जाय।

**बी0एस–सी0 (कृषि) तृतीय वर्ष (परीक्षा वर्ष 2020)**

1. जिन प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं सम्पन्न हो गयी हैं, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराकर छात्र/छात्राओं को उनके प्राप्तांक प्रदान कर दिये जाय।
2. तृतीय वर्ष के ऐसे छात्र/छात्राएं जिनके कुछ प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं हो सकी है, उनके विगत (द्वितीय) वर्ष की परीक्षा में सभी प्रश्नपत्रों के प्राप्तांकों के औसत अंक को उसके तृतीय वर्ष 2020 के अवशेष प्रश्नपत्रों (जिसमें परीक्षा सम्पन्न नहीं हुई है) का प्राप्तांक माना जाय। परीक्षार्थियों के औसत अंक निर्धारण हेतु सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रश्नपत्र के अंक अलग–अलग लिए जाय।

**बी0एल0एड0 प्रथम वर्ष (परीक्षा वर्ष 2020)**

1. सभी छात्र/छात्राओं का सम्बंधित महाविद्यालय एवं विभाग से सैद्धान्तिक आन्तरिक मूल्यांकन के अंक प्राप्त कर लिए जाय तथा सैद्धान्तिक आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों को अंकित करते हुए सभी छात्रों को प्रोन्नत कर दिया जाय। सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा का अभी कोई अंक प्रदान न किया जाय।
2. ऐसे सभी प्रथम वर्ष के प्रोन्नत छात्र/छात्राओं द्वारा नियमानुसार आगामी द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों एवं प्रायोगिक परीक्षा के प्राप्तांकों के औसत अंक (अलग–अलग) को उसके प्रथम वर्ष के प्रश्नपत्रों का प्राप्तांक मानकर प्रथम वर्ष की अंकतालिका तैयार की जाय।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति महोदया,
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
3. उप कुल सचिव को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कालेज लाग इन पर अपलोड कराये जाने हेतु।
4. सूचना पट।

कुलसचिव